रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/92 REGD. NO. D.L.-33004/92

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 236] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्तूबर 22, 1991/आश्विन 30, 1913
No. 236] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 22, 1991/ASVINA 30, 1913

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वाणिज्य मंत्रालय

(आयात व्यापार नियंत्रण)

सार्वजनिक सूचना सं. 233 आई टी सी (पी एन)/90—93

नई दिल्ली, 22 अक्तूबर, 1991

विषय:— जापान सरकार द्वारा विस्तारित 1990-91 के लिए 373.050 मिलियन येन .... की जापानी अनुदान सहायता (ऋण राहत) के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा आयातों के संबंध में लाइसेंसिंग शर्तें।

फाइल सं. आई पी सी/23 (80)/90-93:— जापान सरकार द्वारा विस्तारित 1990-91 के लिए 373.050 मिलियन येन की जापानी अनुदान सहायता (ऋण राहत) के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आयातों पर लागू होने वाली शर्तें जो इस सार्वजनिक सूचना के परिशिष्ट में दी गई है, सूचनार्थ अधिसूचित की जाती है।

डा. आर. मेहता, मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात

वाणिज्य मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना सं. 233 — आई टी सी (पी एन) 90—93, दिनांक 22-10-1991 का परिशिष्ट।

जापान सरकार द्वारा विस्तारित 1990—91 के लिए 373.050 मिलियन येन (373.050, 000) की जापानी अनुदान सहायता (ऋण राहत) के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आयातों के संबंध में लाइसेंसिंग शर्तें।

खण्ड —1 सामान्य शर्तें

1. (1) जापानी सरकार द्वारा दी गई 373.050 मिलियन येन की जापानी अनुदान सहायता ओ ई सी डी तथा विकासशील देशों के लिए खुली है। तदनुसार, इस अनुदान सहायता के अंतर्गत प्राप्त की जाने वाली वस्तुओं तथा उससे संबंधित सेवाओं का आयात जापान तथा अनुबन्ध—1 की सूची में दिए गए सभी देशों में किया जा सकता है जो कि इस अनुदान के अंतर्गत पात्र स्रोत देश होंगे। इस अनुदान सहायता के अंतर्गत आयात की जा सकने वाली पात्र वस्तुओं की सूची उपाबन्ध-2 में दी गई है।

2793 GI/91

1(2) लाईसेंस पर "1990-91 के लिए 373.050 मिलियन येन की जापान अनुदान सहायता" लिखी होगी प्रथम और द्वितीय प्रत्यय के लिए लाईसेंस कोड "एस/जे एन" होगा। इसे मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा प्रेषित आयात लाईसेंस के पक्ष में भी पुनः लिखा जाएगा।

1(3) विदेशी मुद्रा के किसी भी प्रेषण की अनुमति आयात लाईसेंस के प्रति नहीं दी जाएगी। भारतीय अभिकर्त्ता के कमीशन के प्रति कोई भी भुगतान भारतीय अभिकर्ता को भारतीय रुपये में किया जाना चाहिए। लेकिन ऐसे भुगतान लाईसेंस मूल्य के ही भाग होंगे और लाईसेंस पर ही प्रमाणित किए जाएंगे।

1(4) निर्यात लाईसेंस लागत तथा भाड़ा आधार पर जारी किया जाएगा, जो कि आरम्भ में 12 महीने के लिए वैध रहेगा लाईसेंस की वैधता अवधि बढ़ाने के लिए लाईसेंसधारी को संबंधित लाईसेंसिंग प्राधिकारी से सम्पर्क करना चाहिए जो इस मामले में आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) से परामर्श करेगा।

1(5) पक्के आदेश जापान तथा उपाबन्ध-1 में उल्लिखित अन्य पात्र देशों में स्थित विदेशी संभरकों को लागत और भाड़ा मूल्य के आधार पर दिए जाने चाहिए तथा (आयात लाईसेंस जारी होने की तिथि से 4 महीने के भीतर और सचिव जापान, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग), वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को अवश्य भेज दिए जाने चाहिए "पक्के आदेशों का अर्थ भारतीय लाईसेंसधारी द्वारा दिए गए उन क्रय आदेशों से है जो विदेशी संभरक के पुष्टिकरण आदेश से विधिवत प्रमाणित हों या दोनों भारतीय आयातक तथा विदेशी संभरक द्वारा ही विधिवत हस्ताक्षरित क्रय संविदाएं हों। विदेशी संभरक द्वारा भारतीय अभिकर्त्ताओं को दिए गए आदेश या ऐसे भारतीय अभिकर्त्ताओं द्वारा पुष्टिकरण आदेश स्वीकार्य नहीं हैं।

1(6) चार महीनों की अवधि के भीतर ठेकों की इस शर्त का तब तक अनुपालन किया गया नहीं समझा जाएगा जब तक कि ठेके के पूर्ण दस्तावेज आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि से चार महीने के भीतर वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को नहीं पहुंच जाते हैं। यदि उपर्युक्त पैरा 1 (5) में यथा-उल्लिखित पक्के आदेश चार महीनों के भीतर वैध कारणों से नहीं दिए जा सकते हैं तो चार महीनों के भीतर आदेश क्यों नहीं दिए जा सकते इन कारणों का उल्लेख करते हुए लाईसेंसधारी को आयात लाइसेंस को संबद्ध लाईसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत कर देना चाहिए। आदेश देने की अवधि में वृद्धि के लिए ऐसे आवेदनों पर लाईसेंस प्राधिकारियों द्वारा पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा। वे अधिक से अधिक चार महीनों की और अवधि के लिए वृद्धि प्रदान कर सकते हैं। लेकिन यदि वृद्धि इस लाइसेंस के जारी होने की तिथि से 8 महीनों से अधिक के लिए मांगी जाती है तो ऐसे प्रस्ताव निरपवाद रूप से लाईसेंस प्राधिकारियों द्वारा वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग), नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजे जाएंगे जो कि ऐसी वृद्धि के लिए प्रत्येक मामले की पात्रता के आधार पर विचार करेंगे और अपना निर्णय लाईसेंस प्राधिकारियों को भेजेंगे जिसको वे लाईसेंसधारी को प्रेषित करेंगे।

पोतलदान के लिए आखिरी तिथि निश्चित करने में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि यह तिथि 31-3-1992 के बाद की न हो।

खण्ड-2 संभरण ठेके का समझौता करते समय ध्यान में रखी जाने वाली विशेष बातें।

2. (1) (क) ठेके का लागत भाड़ा मूल्य येन या अमेरिकी डालर या पाउण्ड स्टर्लिंग में एक येन, एक सेंट या एक पेनी से कम भिन्न के बिना अभिव्यक्त होना चाहिए और इसमें भारतीय अभिकर्ता का कमीशन, यदि कोई हो, तो वह शामिल नहीं होना चाहिए जो कि भारतीय रुपये में चुकाया जाना चाहिए। भारतीय रुपये या अन्य किसी मुद्रा में ठेके का मूल्य किसी भी परिस्थिति में अभिव्यक्त नहीं होना चाहिए। जहाज पर्यन्त निःशुल्क लागत और भाड़ा धनराशि अलग-अलग प्रदर्शित की जा सकती है लेकिन ठेके में यह बात स्पष्ट कर देनी चाहिए कि भाड़े का खर्चा वास्तविक आधार पर देय होगा या ठेके में निर्दिष्ट किए गए भाड़े का प्रभार वास्तविक खर्चों के अतिरिक्त धनराशि होगी।

(ख) ठेके में नकदी आधार पर अर्थात् जापानी संभरकों द्वारा बैंक आफ इंडिया, टोकियो में पोतवहन दस्तावेज प्रस्तुत करने पर भुगतान की व्यवस्था होनी चाहिए।

(ग) क्रय आदेश और संभरक द्वारा पुष्टि-करण आदेश केवल अंग्रेजी में होना चाहिए।

2(2) आयात लाईसेंस के प्रति केवल एक ही संविदा की जानी चाहिए। लेकिन कुछ विशेष मामलों में एक से अधिक, संविदा करने की अनुमति भी दी जा सकती है, जिसके लिए आयात लाईसेंस जारी होने की तिथि के तुरन्त बाद वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग से अनुमोदन प्राप्त कर लेना चाहिए।

2(3) संभरक की पात्रता

संभरक पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिक या पात्र स्रोत देशों में शामिल किए गए तथा पंजीकृत किए गए वैध व्यक्ति होंगे।

खण्ड-3

संभरक ठेकों में निम्नलिखित प्रावधान विशेष रूप से समाविष्ट होने चाहिए:—

3(1) ठेके की व्यवस्था भारत सरकार और जापान के बीच 1990-91 के लिए 373.050 मिलियन येन की अनुदान सहायता से संबंधित दिनांक 11-6-91 के ऋण समझौते के अनुसार होनी चाहिए और यह भारत सरकार के अनुमोदन के अधीन होगा।

3(2) विदेशी संभरकों को भुगतान "भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र" के माध्यम से किए जाएंगे जिसे सहायता लेखा और लेखा परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, जनपथ भवन, बी-विंग, 5वां तल, जनपथ नई दिल्ली-110001, द्वारा 1990-91 के लिए जापानी अनुदान सहायता के अंतर्गत बैंक आफ इंडिया, टोकियो के पक्ष में जारी किया जाएगा।

3(3) विदेशी संभरक ऐसी सूचना तथा दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए सहमत होंगे जो एक ओर भारत सरकार द्वारा तथा दूसरी ओर जापान सरकार द्वारा अपेक्षित हों।

3(4) जहां संभरक जापान में स्थित हों, वहां वे भारतीय राजदूतावास के साथ परामर्श करके पोतलदान की व्यवस्था करने के लिए सहमत हो गया हो और इस उद्देश्य से वह शामिल माल की डिलीवरी के कार्यक्रम के बारे में भारतीय दूतावास, टोकियो को सूचित करता रहेगा और कम से कम छः हफ्ते पहले अपेक्षित पोतलदान की अधिसूचना भारतीय दूतावास को देगा ताकि समुचित व्यवस्था की जा सके। अपवाद स्वरूप अगर आयातकर्ता चाहे तो नोटिस की इस अवधि को कम किया जा सकता है। जापानी संभरक प्रत्येक पोतलदान के बाद आयातकर्ता को केबल द्वारा आवश्यक ब्यौरे की सूचना देने के लिए भी सहमत होगा तथा उसकी एक प्रति भारतीय दूतावास, टोकियो को भेजी जाएगी।

खण्ड-4 भारत सरकार द्वारा ठेके का अनुमोदन।

4(1) जैसे ही आदेशों को अंतिम रूप दे दिए जाते हैं, लाईसेंसधारी को दोनों पार्टियों द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित ठेके की 4 प्रतियों या विदेशी संभरकों को भारतीय आयातक द्वारा दिए गए क्रय आदेश सहित के साथ विदेशी संभरक द्वारा लिखित रूप में पुष्टिकरण आदेश सहित या संबद्ध

वैध आयात लाईसेंस की दो प्रतियों तथा सभी प्रकार से पूर्ण फोटो प्रतियों के साथ अनुबंध–3 के प्रपत्र में "ए/पी जारी करने के आवेदन" की दो प्रतियों सहित अवर सचिव (जापान) आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजनी चाहिए। उपर्युक्त प्रक्रिया संविदा की विषय वस्तु या उसकी कीमत के आवश्यक आशोधनों से उत्पन्न सभी संविदा संशोधनों के लिए भी लागू होगी।

4(2) संविदा दस्तावेज "ए/पी जारी करने के आवेदन" तथा अन्य संबद्ध दस्तावेज ठीक पाये जाने पर वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) संविदा का अनुमोदन करेगा तथा उपर्युक्त (1) में उल्लिखित दस्तावेजों का एक-एक सैट लेखा व लेखा परीक्षा नियंत्रक, भारत के दूतावास टोकियो तथा भारत में जापान के दूतावास को भी भिजवाएगा।

4(3) उपर्युक्त (2) में उल्लिखित दस्तावेजों के प्राप्त हो जाने पर सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, जनपथ भवन, नई दिल्ली–110001, विदेशी संभरक को भुगतान करने के लिए बैंक आफ इंडिया, टोकियो को अनुबन्ध–4 में दिए गए प्रपत्र में एक "भुगतान प्राधिकारी पत्र (ए/पी)" जारी करेगा। प्राधिकार पत्र (ए/पी) की प्रतियां भारत के राजदूतावास, टोकियो आयातक, भारत में आयातक बैंक और जापान अनुभाग, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय को भेजी जाएंगी।

4(4) भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र (ए/पी) की प्राप्ति के बाद बैंक आफ इंडिया, टोकियो जापान सरकार, भारत सरकार का राजदूतावास, टोकियो भारत में आयातक के बैंक और सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक को सूचना देते हुए इस प्राप्ति की सूचना से संभरक को अवगत कराएगा।

4(5) पोतलदान करने के बाद विदेशी संभरक अपने बैंकरों के माध्यम से ए/पी में उल्लिखित दस्तावेज बैंक आफ इंडिया, टोकियो को प्रस्तुत करेगा। यदि दस्तावेज सही पाए गए तो बैंक आफ इंडिया, टोकियो दस्तावेजों में उल्लिखित धनराशि जापानी संभरक को अपने बैंकरों के माध्यम से रिलीज करेगा।

4(6) विदेशी संभरक को ए/पी के संबंध में सलाह देने तथा भुगतान करने की व्यवस्था करने के लिये बैंक आफ इंडिया, टोकियो को देय बैंकिंग प्रभारों का भुगतान भारत में आयातकर्ता के संबंधित बैंक द्वारा भारत सरकार के लेखे को प्रभावित किए बिना सामान्य बैंक सूत्रों के माध्यम से बैंक आफ इंडिया, टोकियो को धन परेषण द्वारा तय किया जाएगा। तथापि, सरकारी विभागों के मामले में भारत के राजदूतावास, टोकियो द्वारा बैंक आफ इंडिया, टोकियो को बैंकिंग प्रभारों का भुगतान किया जाएगा तथा इसे संबंधित विभागों के नामे डाला जाएगा।

खण्ड–5—शाखा निक्षेप करने के लिए उत्तरदायित्व।

5(1) मूल पराकाम्य पोत परिवहन दस्तावेज बैंक आफ इंडिया, टोकियो द्वारा भारत में आयातक के संबंधित बैंक को भेजे जाएंगे जो कि भारतीय स्टेट बैंक या अनुबन्ध–3 में (ग) पर यथाउल्लिखित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की एक शाखा होगी जो संबंधित आयातक को परकाम्य जहाजरानी दस्तावेज रिहा करने से पूर्व इस बात को सुनिश्चित करेगा कि जापानी संभरक को चुकाई गई येन अमरीकी डालर पाउण्ड स्टर्लिंग भुगतान की समतुल्य रुपये की धनराशि के बराबर रुपया जहां देय हो ब्याज के प्रभारों सहित उस धनराशि पर विदेशी संभरक को बैंक आफ इंडिया, टोकियो द्वारा भुगतान की तिथि से वास्तविक रुपये जमा करने की तिथि तक की अवधि पर पहले 30 दिनों के लिए 12% प्रति वर्ष की दर से और शेष अवधि के लिए 18% प्रतिवर्ष की दर से हिसाब लगाकर ब्याज सार्वजनिक सूचना सं. 31–आई टी सी (पी एन)/83, दिनांक 10-8-83 और 35–आई टी सी (पी एन)/83, दिनांक 26-8-83 की शर्तों के अनुसार भारत सरकार के लेखे में जमा कर दिया गया है और जिस दिन सरकारी लेखे में रुपया जमा किया जाता है, देय है, देखिए सार्वजनिक सूचना सं. 74–आई टी सी (पी एन)/74 दिनांक 31-5-1974 जो सार्वजनिक सूचना सं. 103–आई टी सी (पी.एन)/76, दिनांक 12-10-76 के तहत यथासंशोधित है। येन अमरीकी डालर पाउण्ड स्टर्लिंग के भुगतान के समतुल्य रुपए की गणना करने के लिए अपनायी जाने वाली विनिमय की दर भुगतान की तारीख को लागू विनिमय की वह मिश्रित दर होगी। जो मुख्य नियंत्रक आयात निर्यात की सार्वजनिक सूचना सं. 113–आई टी सी (पी.एन)/88–91, दिनांक 12-10-1976 में निर्धारित तरीके के अनुसार निश्चित की गई हो या जो मुख्य नियंत्रक आयात निर्यात की सार्वजनिक सूचनाओं के माध्यम से या भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा विनिमय नियंत्रण परिपत्रों के माध्यम से सरकार द्वारा समय-समय पर घोषित की गई हो। इस संबंध में और ब्याज की दर के संबंध में भी जब भी कोई परिवर्तन आवश्यक होगा अधिसूचित कर दिया जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए भारतीय बैंक की जिम्मेदारी होगी कि देय धनराशि आयातकों को आयात दस्तावेज सौंपने से पहले सरकारी खाते में ठीक प्रकार से जमा कर दी गई है। आयातक को भी यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि देय धनराशि आदि ऋणदाताओं से दस्तावेजों की सुपुर्दगी लेने से पहले सरकारी खाते में ठीक प्रकार से जमा कर दी गई है। यह सुनिश्चित करने के लिए आयातक की जिम्मेदारी होगी कि देय धनराशि सरकारी खाते में ठीक प्रकार से तुरन्त जमा कर दी है भले ही अब वे विशेष परिस्थितियों के अंतर्गत सीमाशुल्क प्राधिकारियों से मूल पोत परिवहन दस्तावेज के बिना ही माल की सुपुर्दगी प्राप्त करते हैं जिसे लेखा शीर्ष में उपर्युक्त रुपया निक्षेप किया जाएगा वह "के—डिपाजिट्स एण्ड एडवान्सिज- 8443—सिविल डिपाजिट्स—डिपाजिट्स फार परचेजिज अटसेक्ट्रा एक्ट—परचेज अण्डर ग्रान्ट फ्रोम दि गवर्नमेंट आफ जापान" फार 1990-91 (येन 373.050 मिलियन ग्रांट फ्रोम एण्ड डेब्ट रीलिफ)। तथापि सरकारी विभागों से कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा।

5(2) उपर उल्लिखित धनराशि या तो भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली में या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी, दिल्ली में चालान के उपर दाहिनी ओर कोने में कोड सं. 513000000 का संकेत देते हुए या ऐसा संभव न हो तो भारतीय स्टेट बैंक या उसकी किसी अनुषंगी शाखा या किसी राष्ट्रीयकृत बैंक (ड्रायर) से डिमाण्ड ड्राफट लेकर उसे भारतीय स्टेट बैंक तीस हजारी दिल्ली–6 (ड्राई एण्ड पेयी) को अदा किया जाए लिखकर सरकार की साख में सार्वजनिक सूचना सं. 103–आई टी सी (पी एन)/76, दिनांक 12-10-76 और सं. 113–आई-टी सी (पी एन)/88–91, दिनांक 6-4-89 में यथा निर्धारित रूप में जमा होना चाहिए।

5(3) सरकार द्वारा ऐसा किया जाने के बाद सात दिनों के भीतर भारत में संबद्ध बैंक भी उपर निर्धारित तरीके से यह अतिरिक्त धनराशि सेवा खर्चों के निमित्त भेजेगा जो भारत सरकार द्वारा मांगी जाए चालान के विभिन्न कालमों को भरते समय आयातकों/उनके बैंकरों को इस बात को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि पूरी सूचना आवश्यक भेजी जाए। खजाना चालान में निम्नलिखित ब्यौरा निरपवाद रूप से प्रस्तुत करने चाहिए :–

(क) वित्त मंत्रालय के "प्राधिकार पत्र" की संख्या और दिनांक।

(ख) येन मुद्रा की वह धनराशि जिसके संबंध में अपनाई गई परिवर्तन की दर के साथ निक्षेप किए जाने हैं।

(ग) जापानी संभरक को भुगतान करने की तिथि।

(घ) अदा किए गए ब्याज की राशि और अवधि जिसके लिए गिना गया है।

(ङ) कुल जमा राशि ।

(ब्याज की गणना जापानी संभरक को अदायगी की तारीख से और उस तारीख तक जिस तारीख को समकक्ष रुपया सरकारी खाते में जमा कराया है, की जाएगी तथापि सरकारी विभागों से कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा ।

उसके पश्चात् सी. ए. ए. एण्ड ए. द्वारा जारी किए गए प्राधिकार का संदर्भ देते हुए और बीजक तथा पोत परिवहन दस्तावेजों को संलग्न करते हुए खजाना रुपया जमा करने का साक्ष्य देते हुए पंजीकृत डाक द्वारा सी. ए. ए. एण्ड ए. को भेजा जाना है ।

टिप्पणी :— भारत में आयातक के बैंक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रुपये का निक्षेप भारतीय बैंक टोकियो की अदायगी की सूचना और अपरिवर्तनीय पोतलदान दस्तावेज की प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर निरपवाद रूप से किया जाना चाहिए और यह कि उसके तत्काल बाद सी. ए. ए. एंड ए. वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग), नई दिल्ली को सूचित कर दिया जाएगा ।

5(4) भारत में सबद्ध भारतीय बैंक की लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति पर रुपया निक्षेपों की धनराशि का पृष्ठांकन करना चाहिए और अपेक्षित "एस" प्रपत्र भारतीय रिजर्व बैंक, बम्बई को भेजना चाहिए ।

खण्ड—6 विविध व्यवस्थाएं ।

6. (1) आयात लाइसेंस का उपयोग करने की रिपोर्ट

**विदेशी संभरक को की जाने वाली अदायगियों की राशि और तारीख को सुनिश्चित करने के लिए आयात की अलग से व्यवस्था करनी होगी । आयातक के बैंक द्वारा देर या विलम्ब से प्राप्त परिवहन प्रलेखों इत्यादि की प्राप्ति के रुपया निक्षेप राशि पर देय ब्याज राशि को आंशिक या पूर्ण रूप से माफ करने का कारण नहीं माना जाएगा ।

6(2) संभरकों को विशेष शर्तों के बारे में सूचित करना

लाइसेंसधारी के आयात लाइसेंस में दिए गए किसी उन विशेष उपबन्धों से आयातक को अवगत करा देना चाहिए जो माल के लदान में संभरक पर प्रभाव डालते हों ।

6 (3) विवाद

यह समझ लेना चाहिए कि लाइसेंसधारी और संभरकों के बीच यदि कोई विवाद उठेगा तो उसके लिए भारत सरकार कोई उत्तरदायी नहीं होगी । भारतीय बैंक टोकियो द्वारा किए गए भुगतान से पहले संभरक द्वारा पूरी की जाने वाली शर्तें अनुबन्ध – 1 में "भुगतान की शर्तों" के अंतर्गत अच्छी तरह से स्पष्ट कर लेनी चाहिए । संविदा की शर्तों में विवाद को निपटान से संबंधित शर्तें शामिल होनी चाहिएं ।

6(4) भविष्य अनुदेश

आयात लाइसेंस या उसके संबंध में उत्पन्न किसी मामले या सभी मामलों से संबंधित जापान से वर्ष 1989–90 के लिए, प्राप्त होने वाले सहायता अनुदान के अधीन सभी आभारों को पूर्ण करने के लिए भारत सरकार द्वारा समय-समय पर दिए गए निक्षेपों या आदेशों का लाइसेंसधारी को तुरन्त पालन करना होगा ।

6(5) अतिक्रमण या उल्लंघन

उपर्युक्त खण्डों में निर्धारित की गई शर्तों का अतिक्रमण या उल्लंघन करने पर आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम के अधीन उचित कार्यवाही की जाएगी ।

6(6) अनुबन्धों की सूची

1. अनुबन्ध—1 पात्र स्रोत देशों की सूची ।

2. अनुबन्ध—2 पात्र वस्तुओं की सूची ।

3. अनुबन्ध—3 भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र जारी करने हेतु प्रार्थना पत्र ।

4. अनुबन्ध—4 भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र का प्रपत्र ।

**शेष राशि के संबंध में किए गए भुगतान तथा पोतलदान संबंधी प्राधिकार पत्र जारी करने के बाद आयातक को सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, जनपथ भवन, पांचवां तल, बी—विंग, जनपथ, नई दिल्ली—110001 को मासिक रिपोर्ट भेजनी चाहिए ।

उपाबन्ध—1

पात्र स्रोतों देशों की सूची

क. ओ. ई. सी. डी. देश

आस्ट्रेलिया
बैलजियम
कनाडा
डेनमार्क
फिनलैण्ड
फ्रांस
जर्मन संघ गणराज्य
ग्रीस
आइसलैण्ड
आयरलैण्ड
इटली
जापान
लक्जेमबर्ग
नीदरलैण्ड
न्यूजीलैण्ड
नार्वे
पुर्तगाल
स्पेन
स्वीडन
स्विट्जरलैण्ड
टर्की
यूनाइटेड किंगडम और
यूनाइटेड स्टेट्स

ख. विकासशील देश तथा क्षेत्र

(ख-1) गैर ओपेक विकासशील देश

1. अफ्रीकी, उत्तरी सहारा
मिस्र
मोरक्को
ट्यूनीशिया

2. अफ्रीकी, दक्षिणी सहारा
अंगोला
बोत्स्वाना
बुरुण्डी
कैमरून
केप वे वार्ड द्वीप समूह
मध्य अफ्रीकी गणराज्य
चाड

कोमोरो द्वीप समूह
कांगो गणराज्य
दहोमे (1)
भूमध्यरेखीय गिनी
इथोपिया
गेम्बिया
घाना
गिनी
आइवरी कोस्ट
केन्या
लेसेथो
लाईबेरिया
मालागासे गणतंत्र
मलावी
माली
मारिटानिया
मारीशस
मोजाम्बिक
नाईजर
पुर्तगाली गिनी
रियूनियन
रोडेशिया
रवांडा
सेंट हेलिना और द्वीप (2)
साओ टोमो और प्रिंसिपी
सेनेगल
सेचिलीज
सीयरे लिओन
सोमालिया
सूडान
स्वाजीलैण्ड
टेमी आफार्स और इस्सास
टोगो
युगाण्डा
तंजानिया गणतंत्रीय संघ
अपर वोल्टा
जाइरे गणतंत्र
जाम्बिया

(1) पहले स्पेन गिनी का प्रदेश, फरनाडो पो द्वीप सहित ।

(2) निम्नलिखित द्वीपों सहित: एस्केन्सन, ट्रिस्टाण्डा,। इनएक्सेसिबल्स, नाईटिंगल गफ।

(3) मुख्य द्वीप समूह, अरूबा, बोनायरे, क्यूराकाओ, साहा सेंट यूस्टेटिअस, सेंट मैंटिन (दक्षिणी भाग)।

3. अमेरिका, उत्तरी और केन्द्रीय
बहामास
बारबाडोसेस
बेलीज
बरमूडा
कोस्टारिका
क्यूबा
डोमिनिकन गणराज्य
एलसल्वाडोर
गुआडेलोप
ग्वाटेमाला
हैटी
हाण्डूरास
जमैका
मारीटिनिक
मैक्सिको
नीदरलैण्ड एण्टीलिस
निकारागुआ
पनामा
सेंटपियरे और मिकेलोन
ट्रिनिडाड और टूबैगो
वेस्टइण्डीज (शाखा) इनआर्ड

(क) सह-सम्बद्ध राज्य (1)

(ख) आश्रित (2)

4. दक्षिणी अमेरिका
अर्जेन्टीना
बोलिविया
ब्राजील
चिली
कोलम्बिया
फाकलैण्ड द्वीप समूह
फ्रांस गिनी
गुयाना
पराग्वे
पीरू
सूरिनाम
यूरुगुई

5. मध्य पूर्वी एशिया
बहरीन
इज़राईल
जोर्डन
लेबनान
ओमान
सिरियाई अरब गणतंत्र
यूनाईटिड अरब अमिरात (3)
यमन अरब गणतंत्र
यमन जनवादी का डी. आर. (4)

6. दक्षिण एशिया
अफगानिस्तान
बंगला देश
भूटान
बर्मा
मालद्वीप
नेपाल
पाकिस्तान
श्रीलंका

(1) मुख्य द्वीप एण्टिगुआ डोमिनिका ग्रेनेडा सेंट किट्स (सेंट क्रिस्टेफे) मोविस अंगुइला, सेण्ट लूसिया और सेंट विसेंट ।

(2) मुख्य द्वीप मोन्सेमरत्त, केमान, तुर्क और काइकोस और ब्रिटिश वर्जिन द्वीप समूह।

(3) अजमन, दुबई, फुजीराह, रास अल खेमाह, शाहरजाह और आबा अल क्यवायन।

(4) अमन और विभिन्न सल्तनत और अमीरात सहित।

7. सुदूर पूर्वी एशिया
ब्रुनेई हांग-कांग
ख्मेर गणतंत्र
कोरिया, लाओस का गणतंत्र
मकोआ
मलेशिया
फिलिपाइन
सिंगापुर
ताइवान
थाईलैण्ड
तिमोर
वियतनाम गणतंत्र
वियतनाम जनवादी गणतंत्र

8. काक द्वीप समूह
फिजी
गिलबर्ट और इलाइस द्वीप
फ्रांसिस पोलिनेशिया (5)
नारू
न्यू केलेडोनिया
न्यू हैब्रिसिस (ब्रि. और फ्र.)
हियू
प्रशांत द्वीप समूह (संयुक्त राज्य) (6)
पापुआ न्यू गिनी
सोलोमन द्वीप समूह (ब्रि.)
टोंगो
वालिस और फुतूना
पश्चिमी सामोआ

9. यूरोप
साइप्रस
जिब्राल्टर
ग्रीस
माल्टा
स्पेन
टर्की
यूगोस्लाविया

(खण्ड-2) ओपेक के सदस्य या सहयोगी देश
अल्जीरिया
बोलिविया
लीबियन अरब गणराज्य
गैबान
नाईजीरिया
इक्वेडोर
वेनेजुएला
ईरान
कुवैत
इराक
कतर
सऊदी अरब
अलबानिया
इण्डोनेशिया

(5) सोसाईटी माईलैण्ड्स समूह (ताहिती सहित) को शामिल करते हुए आस्ट्रल द्वीप समूह टुआमोटू-गोम्बियर ग्रुप मारकोस द्वीप समूह।

(6) प्रशांत द्वीप समूह का ट्रस्ट प्रदेश कैरोलीन द्वीप मार्शल द्वीप समूह तथा मेरिना द्वीप समूह (गोंम को छोड़कर)।

उपाबन्ध --2

पात्र वस्तु सूची

1. रत्न

2. इस्पात विशेष इस्पात और मिश्र धातु इस्पात सहित।

3. ट्रक, ट्रेक्टर, हल्के वाणिज्यिक वाहनों तथा दो पहिया वाहनों के विनिर्माण के लिए संघटक, सम्बद्ध तथा अतिरिक्त पुर्जे।

4. रसायन

5. जापान से सहायता प्राप्त परियोजनाओं तथा भारत जापान संयुक्त उपक्रमों के लिए अतिरिक्त पुर्जे, संघटक तथा कच्चा माल।

6. पावर टिलरों के लिए संघटक, संबद्ध तथा अतिरिक्त पुर्जे।

7. मशीनरी, संघटक, उपकरण, अतिरिक्त पुर्जे तथा कच्चा माल।

8. मधु क्षेत्र के लिए मशीनरी तथा उपस्कर।

9. तेल तथा प्राकृतिक गैस क्षेत्र के लिए मशीनरी, उपस्कर तथा अतिरिक्त पुर्जे।

10. उर्वरक तथा ऐसी अन्य मदें जिन पर आपसी सहमति हो।

उपाबन्ध -3

"भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए प्रार्थना पत्र"

संख्या . . . . . .

सेवा में

महायक लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक,
वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग,
यू. को. बैंक बिल्डिंग, पहला तल,
संसद मार्ग,
नई दिल्ली —110001

विषय :— 1990-91 के लिए 373.050 मिलियन येन की जापानी ऋणराहत सहायता के अंतर्गत आयात।

महोदय,

ऊपर उल्लिखित अनुदान सहायता के अधीन जापान से . . . . . . के आयात के संबंध में हम निम्नलिखित विवरण इसलिए भेज रहे हैं कि आप सम्बद्ध जापानी संभरक के पक्ष में बैंक आफ इंडिया, टोकियो को भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र जारी कर सकें :—

(क) भारतीय आयातक का नाम और पता।

(ख) आयात लाईसेंस की संख्या, दिनांक और मूल्य और जब तक यह वैध है।

(ग) अधिप्राप्ति के तरीके क्या यह प्रत्यक्ष खरीद पर आधारित है या औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा पर आधारित है। इस मामले में कारणों सहित यह निर्दिष्ट करना है कि क्या संविदा का निर्णय तकनीकी प्रस्ताव के आधार पर किया गया है।

(घ) माल का संक्षिप्त विवरण।

(ङ) माल का उद्गम देश।

(च) संविदा का कुल लागत और भाड़ा मूल्य (येन में)

(छ) यदि कोई हो तो भारतीय रुपये में भारतीय एजेंट के कमीशन की धनराशि (येन में)

(ज) वह कुल लागत तथा भाड़ा मूल्य (येन में) जिसके लिए भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र की आवश्यकता है।

(झ) संभरकों के साथ की गई संविदा का नाम और दिनांक।

(ञ) संभरक का नाम और पता।

(ट) वे भुगतान और संभावित तिथि जिनको संविदाओं के अंतर्गत भुगतान देय होंगे।

(ठ) माल की सुपुर्दगी पूर्ण करने की प्रत्याशित तिथियां।

(ड) बैंक आफ इंडिया टोकियो को भुगतान करते समय प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज (प्रत्येक सेट की संख्या और उसका निपटान दर्शाते हुए)।

(ढ) परिदान अनुदेश (अनुमेय या गैर अनुमेय वाहनान्तरण/आंशिक परिदान निर्दिष्ट कीजिए)।

(ण) भारत में आयातक के बैंक का नाम और पता।

(त) क्या उसी लाइसेंस के अंतर्गत संविदा (संविदाएं) कर दी गई हैं और यदि हां, तो ऐसी संविदा की संख्या दिनांक और मूल्य।

(थ) भारतीय पत्तन जिसे उपस्कर/माल भेजे जाने हों।

उपाबन्ध —4

सं.

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
(आर्थिक-कार्य विभाग)
नई दिल्ली, दिनांक

सेवा में

बैंक आफ इंडिया,
टोकियो शाखा,
टोकियो (जापान)।

विषय 373.050 मिलियन येन की जापानी ऋण राहत अनुदान सहायता के अंतर्गत आयात प्राधिकारपत्र जारी करना।

प्रिय महोदय,

आपके बैंक के साथ दिनांक .....को किए गए समझौते की शर्तों के अनुसार आपको एतद्द्वारा (परिशिष्ट में दिए गए ब्यौरे के अनुसार) सर्वश्री .....को अधिकतम .....येन धनराशि के भुगतान के लिए प्राधिकृत किया जाता है।

2. कृपया भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र (ए/पी) की पावती के बारे में संभरकों को सूचना दें और इस सूचना पत्र की एक प्रति जापान सरकार आयातक बैंक भारत के राजदूतावास, टोकियो और इस मंत्रालय को पृष्ठांकित की जाए।

3. प्राधिकार पत्र की शर्तों के अनुसार संभरकों को भुगतान परिशिष्ट में यथा सांकेतिक लदान दस्तावेजों के आधार पर किया जाएगा।

4. विदेशी संभरक को भुगतान करते समय (आयातक के बैंक का नाम और पता) .....सभी मूल पोत परिवहन दस्तावेज जिसके साथ (पराक्रम्य) और अतिरिक्त दस्तावेजों का पूरा सैट और संभरक को अदायगी के लिए नामे बीजक की प्रति, जिसमें अदायगी यदि कोई हो, भेजी जानी चाहिए।

5. आपकी आयातक द्वारा दस्तावेजों के रख-रखाव के प्रभारों सहित अदा किए जाने वाले बैंकिंग भाड़े का निर्धारण भारतीय दूतावास, टोकियो/आयातक बैंक द्वारा किया जाएगा तथापि भारतीय दूतावास, टोकियो द्वारा सरकारी विभागों से संबंधित बैंकिंग भाड़े का भुगतान बैंक ऑफ इंडिया, टोकियो को किया जाएगा तथा इसे संबंधित विभागों के नामे डाला जाएगा।

6. जैसे ही संभरक द्वारा प्रस्तुत किए गए लदान दस्तावेजों आदि के आधार पर आपके द्वारा कोई भी भुगतान किया जाए तो इसकी सूचना निर्धारित प्रपत्र में इस मंत्रालय और आयातक के बैंक को भेजी जानी चाहिए।

7. इस मंत्रालय की विशेष अनुमति के बिना भुगतान के लिए प्राधिकारपत्र के लिए कोई भी संशोधन जारी नहीं किया जा सकता है।

8. यह भुगतान प्राधिकार पत्र .....तक वैध रहेगा।

9. कृपया उस संख्या का उल्लेख करें जो इस अधिकार पत्र के शीर्ष पर दी गई है, इसे संविदा से संबंधित सारे पत्राचार और बीजक में भी अदायगी दर्शाते हुए लिखा जाए।

भवदीय,

(लेखा अधिकारी)

प्रति निम्नलिखित को प्रेषित :—

1. आयातक .....को उसके पत्र संख्या .....दिनांक ..... के संदर्भ में।

2. आयातक के बैंकर .....

(i) यह प्राधिकारपत्र येन अनुदान के अंतर्गत आयातों को शासित करने वाली संबंधित लाइसेंस शर्तों के तहत जारी किया गया है। लाइसेंस, शर्तों और संबंधित सार्वजनिक सूचनाओं/आदेशों आदि को देखें और आयात विदेशी भुगतान के संबंध में उचित कार्रवाई करें।

(ii) उनसे निवेदन किया जाता है कि बैंक आफ इंडिया टोकियो शाखा से दस्तावेज प्राप्त करने पर जापानी संभरक को येन/अमेरीकी डालर/पाउण्ड भुगतान के बराबर रुपये जमा करने की व्यवस्था करें। समुद्रपार संभरकों को चुकाई गई धनराशि के बराबर रुपये की गणना सार्वजनिक सूचना सं. 113-आई टी सी (पी एन)/88—91 दिनांक 6-4-89 या अन्य ऐसी ही सार्वजनिक सूचना जो समय-समय पर जारी की जाए के अनुसार समुद्रपार संभरकों को भुगतान करने की तिथि को यथा प्रचलित परिवर्तन की निश्चित दर पर की जाएगी प्रथम 30 दिनों के लिए 12% वार्षिक दर से और इससे अधिक अवधि के लिए 18% वार्षिक दर से ब्याज जोकि संभरक को भुगतान की तारीख और जिस तारीख को समतुल्य रुपया सरकार के लेखों में जमा किया जाए उन दो अवधियों के बीच की अवधि के लिए संगणित करके उसे भी सार्वजनिक सूचना सं. 31-आई टी सी (पी एन)/83, दिनांक 10-8-83 और सार्वजनिक सूचना 35-आई टी सी (पी एन)/83, दिनांक 26-8-83 के अनुसार भारत सरकार के लेखे में जमा कराना है। ब्याज दोनों दिनों के लिए देय है अर्थात् वह दिन जब समुद्रपार संभरक को भुगतान किया जाता है और वह तारीख भी जब भारत सरकार के लेखे में रुपया जमा कराया जाता है (जब भी इस दर में कोई परिवर्तन किया जाए उसे सूचित कर दिया जाएगा) यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आयातक को सीमाशुल्क निकासी के लिए आयात परक्राम्य दस्तावेजों का मूल सैट दिए जाने से पूर्व यह धनराशि जमा कर ली जाए। तथापि, सरकारी विभागों द्वारा कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।

(iii) वे धनराशियां या तो भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली या भारतीय स्टेट बैंक, तीन हजारी दिल्ली में चालान के दाहिनी ओर कोड सं. 5130000009 दर्शाते हुए जमा करनी चाहिए अथवा स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा या उसकी उप शाखाओं या किसी राष्ट्रीयकृत बैंक (आदेशक) से प्राप्त डिमाण्ड ड्राफ्ट जोकि स्टेट बैंक आफ इंडिया, तिस हजारी, दिल्ली-6 (आदेशिती और आदाता) में देय हो, के माध्यम से भेजा जाना चाहिए। इस संबंध में उनका ध्यान सार्वजनिक सूचना सं. 23-आई टी सी (पी एन)/68 दिनांक 24-10-1968, सं. 132-आई टी सी (पी एन)/ 71 दिनांक 5-10-1971, सं. 74-आई टी सी (पी एन)/74 दिनांक 31-5-74 और सं. 103-आई टी सी (पी एन)/ 76, दिनांक 12-10-1976 में दिए गए प्रावधानों की ओर दिलाया जाता है। यह लेखा शीर्ष जिसमें रुपया जमा कराना है "डिपोजिट्स एण्ड एकवांसिज 8443-सिविल डिपाजिट फार परचेजिज एटसैट्रा अवरोड, परचेजिज अण्डर ग्रांट एण्ड लोन फ्राम दि गवर्नमेंट आफ जापान फार 1990-91" (येन 373.050 मिलियन ग्रांट एण्ड डेबट रीलिफ) है।

(iv) जिन मामलों में तुल्य रुपया रिजर्व बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी दिल्ली में सार्वजनिक सूचना सं. 132-आई टी सी (पी एन)/71, दिनांक 5-10-71 के अनुसार नकद जमा किया जाए उन मामलों में चालान की मूल कापी में एक प्रतिलिपि उनके द्वारा निम्नलिखित पते पर भेजनी चाहिए, जिसके साथ बैंक आफ इंडिया, टोकियो शाखा से प्राप्त सूचना टिप्पणियों का पूर्ण विवरण देते हुए एक अग्रेषण पत्र होना चाहिए:—

सहायक लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक,
वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग),
बी विंग, 5वां तल जनपथ भवन,
नई दिल्ली-110001

(v) जिन मामलों में तुल्य रुपया संकेतित सार्वजनिक सूचना में यथाउल्लिखित दर्शानी हुण्डी द्वारा प्रेषित करना है उसकी सूचनाएं उपर्युक्त पते पर भेजी जानी चाहिए। सभी मामलों में जमा किए गए तुल्य रुपये निर्धारित दर पर ब्याज की राशि और वह अवधि जिसके लिए ब्याज गिना गया है, का पूरा ब्योरा इस विभाग को भेजना चाहिए।

(vi) बैंक ऑफ इंडिया टोकिया शाखा के बैंक प्रभार और विदेशी संभरकों के बैंकरों के प्रभार, यदि कोई हों तो, वे भारतीय बैंक और बैंक आफ इंडिया, टोकिया शाखा के बीच सीधे तय किए जाने चाहिए।

(vii) विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत डीलर के रूप में बैंक के कर्तव्य एवं जिम्मेदारियों को भारतीय रिजर्व बैंक के विभिन्न परिपत्रों में विनिर्दिष्ट किया गया है। इस संबंध में 18-6-1977 के ए डी परिपत्र सं. 22 की ओर विशेष ध्यान आकर्षित किया जाता है।

3. भारतीय दूतावास, टोकियो

4. अवर सचिव, (जापान) वित्त मंत्रालय आर्थिक, कार्य विभाग, नई दिल्ली-110001 को आई डी सं. ..../जापान दिनांक .....के संदर्भ में।

(लेखा अधिकारी)

MINISTRY OF COMMERCE

(Import Trade Control)

Public Notice No. 233-ITC(PN)/90—93

New Delhi, the 22nd October, 1991

Subject :—Licensing Conditions in respect of Public Sector imports under Japanese Grant Aid of Yen 373.050 million (Debt Relief) for 1990-91 extended by the Government of Japan—regarding.

File No. IPC/23(80)/90—93.—The terms and conditions governing Public Sector imports under Japanese Grant Aid of Yen 373.050 million (Debt Relief) for 1990-91 extended by the Government of Japan are contained in Appendix to this Public Notice and are notified for information.

D. R. MEHTA, Chief Controller of Imports & Exports

Appendix to the Ministry of Commerce
Public Notice No. 233-ITC(PN)/90—93,
dated 22-10-91

LICENSING CONDITIONS IN RESPECT OF PUBLIC SECTOR IMPORTS UNDER JAPANESE GRANT AID OF YEN 373.050 MILLION (373,050,000) (Debt Relief) FOR 1990-91 EXTENDED BY THE GOVERNMENT OF JAPAN

Section I:—General Conditions:

I. (i) The Japanese Grant Aid of Yen 373.050 million extended by the Government of Japan is untied in favour of OECD and developing countries. Accordingly the commodities and services incidental thereto be procured under This Grant Aid can be imported from Japan and all countries enumerated in the list at Annexure-I which will be the eligible source countries under this Grant. The list of eligible commodities that can be imported under this Grant Aid is at Annexure-II.

I. (ii) The licence will bear the superscription "Yen 373.050 million Japanese Grant Aid for 1990-91". The licence Code for the first and second suffix will be "S/JN". These will also be repeated in the letter from the C C I & E forwarding the import licence.

I. (iii) No remittance of foreign exchange will be permitted against licence, except bank charges to the Bank of India, Tokyo which may be remitted through normal banking channels. Any payment towards India Agent's Commission should be made in Indian rupees to the agent in India. Such payments, however, will form part of the licence value and will, therefore, be charged to the licence.

I. (iv) The import licence will be issued on CIF basis with an initial validity period of 12 months. For extension of the validity period of the licence, the licensee should approach the licencing authority concerned who shall consult the Department of Economic Affairs (Japan Section) in the matter.

I. (v) Firm order must be placed on C&F basis on the overseas suppliers located in Japan and in other eligible countries mentioned in Annexure-I and sent to Under Secretary (Japan), Department of Economic Affairs (Japan Section), Ministry of Finance, North Block, New Delhi (within 4 months from the date of issue of the import licence). "Firm Orders" means purchase order placed by the Indian

licencee in the Overseas Supplier duly supported by order confirmation by the letter of purchase contract only signed by both the Indian importer and the Overseas supplier. Order on Indian Agents of overseas suppliers and|or order confirmation of such Indian Agents are not acceptable.

